राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 31 मई । राजस्थान से राज्यसभा चुनाव हेतु कांग्रेस प्रत्याशी श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, श्री मुकुल वासनिक एवं श्री प्रमोद तिवाड़ी का नामांकन भरने से पूर्व आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा स्वागत किया गया तथा समाज कल्याण बोर्ड की चेयरमेन डॉ. अर्चना शर्मा ने पारम्परिक तरीके से तिलक लगाकर चुनाव में सफलता हेतु शुभकामनायें प्रदान की। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री सचिन पायलट, राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, निगम व बोर्डों के चेयरमेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान से राज्यसभा की चार सीटों पर होने वाले चुनावों के लिये कांग्रेस पार्टी के घोषित तीनों प्रत्याशी श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, श्री मुकुल वासनिक एवं श्री प्रमोद तिवाड़ी का स्वागत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने तीनों प्रत्याशियों को सूत की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर तीनों प्रत्याशियों का राजस्थानी परम्परा के अनुसार तिलक लगाकर अभिनन्दन किया गया जिसके पश्चात् वे नामांकन हेतु विधानसभा के लिये रवाना हुए।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter